लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1114

28 जून, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए

विमुद्रीकरण के प्रभाव

1114. श्री रितेश पाण्डेयः

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने घरेलू ऊन उद्योग पर विमुद्रीकरण के प्रभाव पर कोई अध्ययन किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और पशुपालन से जुड़े समुदायों के ऊन के उत्पादन पर इसका आर्थिक प्रभाव का ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

वस्त्र मंत्री

(श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी)

(क) से (ग): मंत्रालय ने घरेलू ऊन उद्योग पर विमुद्रीकरण के प्रभाव का कोई अध्ययन नहीं कराया है क्योंकि इस योजना के क्रियान्वयन/फील्ड दौरे के दौरान मंत्रालय को विमुद्रीकरण का कोई नकारात्मक प्रभाव देखने को नहीं मिला और न ही ऊन उद्योग से अभ्यावेदन के रूप में मंत्रालय को इसकी कोई जानकारी मिली है।

*****